# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 12.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अन्तर्जनपदीय चोर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल सहित अवैध तमंचा व कारतूस बरामद।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 12.09.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी करने वाले अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल सहित अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के इन्द्रानगर के रहने वाले विनेश कुमार साहू पुत्र राजाराम साहू ने दिनांक 10.09.2025 को जिला अस्पताल बांदा से अज्ञात चोरों द्वारा दिनांक 06.09.2025 को मोटरसाइकिल चोरी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। इस क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान कनवारा बाईपास चौराहे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को मोटरसाइकिल के साथ आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस व 01 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्त नें बताया कि बरामद मोटरसाइकिल उसने कुछ दिन पूर्व जिला अस्पताल बांदा से चोरी की थी।

**बरामदगी-**

- 01 अवैध तमंचा 315 बोर
- 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
- 01 अदद मोटरसाइकिल (चोरी की)

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. विपिन द्विवेदी पुत्र नरेन्द्र द्विवेदी निवासी ग्राम पहरा थाना कबरई जनपद महोबा।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0- 745/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

2. उ0नि0 गौरव प्रताप सिंह
3. हे0कां0 लक्ष्मीकांत
4. कां0 जितेन्द्र द्विवेदी